सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

सरकारी मीडिया की विश्वसनीयता को क्षति पहुंचना

4042. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिंदे** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आम जनता में सरकारी मीडिया की विश्वसनीयता के संबंध में आशंका बढ़ती जा रही है ;

(ख) उसके क्या कारण

(ग) क्या यह सच है कि आम जनता का विदेशी मीडिया पर विश्वास है किन्तु भारतीय मीडिया पर विश्वास नहीं है;

यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और

(घ) सरकार जनता में सरकारी मीडिया की विश्वसनीयता को स्थापित करने के लिए उसके कार्यकरण में क्या सुधार करने का विचार रखती है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) आकाशवाणी और दूरदर्शन अपने कार्यक्रमों के विषय-वस्तु तथा आकार में गुणात्मक तथा मात्रात्मक सुधार लाने के लिए सतत् रूप से प्रयास कर रहे हैं।

अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन

4043. **डा० बापू कालदाते** :
श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र में सतारा में 12 से 16 फरवरी तक अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि दूरदर्शन ने अपने राष्ट्रीय प्रसारण में सम्मेलन के कार्यक्रमों के संबंध में कोई समाचार प्रसारित नहीं किया ?

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण

(घ) क्या सरकार सम्मेलन के संबंध में बाद में कोई कार्यक्रम प्रसारित करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) और (ख) जी, हां ।

(ग) सम्मेलन से संबंधित कार्यक्रमों को दूरदर्शन केन्द्र, बम्बई के प्राइमरी चैनल पर 11, 21 और 22 फरवरी, 1993 को प्रसारित किया गया था ।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठते ।

Clearance of serials by Doordarshan

4044. SHRI KRISHAN LAL SHAR-MA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what is the total number of T.V. serials kept pending by Doordarshan authorities at present;